>

Title : Need to check pollution caused by Riga Sugar Mill in Sheohar Constituency of Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय अध्यक्षा जी, हमारे शिवहर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रीगा चीनी मिल से बहुत पॉल्यूशन होता है। इस चीनी मिल से चीनी उत्पादन के उपरांत बचे हुए कचरे का फैलाव होता है और वह खुले स्थान में बहता रहता है जिसका विस्तार रीगा से बेलसण्ड तक है। इससे उस इलाके में लंबे समय से काफी प्रदूषण है जिससे मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। क्या इसके लिए चीनी मिल में कोई प्लांट लगाएगी जिससे प्रदूषण रोका जाए। इसका सभी जगह पर दुप्रभाव पड़ रहा है। इसलिए हम चाहते हैं कि इसका कोई उपाय किया जाए।